06.07.2025 आकाशवाणी, भोपाल 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, बीहड़ों को सौर ऊर्जा से रौशन किया जाएगा।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासी समुदाय को धरती आबा योजना का लाभ दिलाने पर दिया जोर।
- मुस्लिम धार्मवलंबी आज मोहर्रम का त्योहार मना रहे हैं, जगह जगह निकाले जाएंगे ताजिये।
- प्रदेश में व्यापक वर्षा का दौर जारी, कटनी, मंडला में नदी नाले उफान पर।

प्रधानमंत्री अर्जेंटीना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल अर्जेंटीना की सफल यात्रा के बाद ब्राज़ील रवाना हो गए। उन्होंने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति खेवियर माइली के साथ बैठक की। यह पिछले 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली अर्जेंटीना यात्रा थी। दोनों नेता व्यापार और वाणिज्य, प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और औषधी सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने पर भी सहमति हुई। प्रधानमंत्री ने ब्राज़ील के लिए रवाना होने से पहले महात्मा गांधी और गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि अर्जेंटीना की उनकी यात्रा काफी सफल रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि यात्रा से द्विपक्षीय मित्रता को गति मिलेगी तथा संबंधों में और मजबूती आएगी।

बीहड़ सौर ऊर्जा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। हम सबके जीवन में उजाला लाने के लिए कटिबद्ध हैं। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र शीघ्र ही राज्य का सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां 265 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री

ने कहा कि बीहड़ के जंगलों में सौर ऊर्जा बनेगी। आज बीहड़ में किसानों की जिंदगी बेहतर हो रही है, उद्योग शुरू हो रहे हैं। केन-बेतवा प्रोजेक्ट के माध्यम से बुंदेलखंड भी हरा भरा होने वाला है।

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व पटल पर भारत के गौरव को प्रतिस्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

<u>शिवराज आबा योजना</u>

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासी क्षेत्र को लोगों को धरती आबा योजना का लाभ दिलाये जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कल देवास में कहा कि घर-घर में नल के माध्यम से पानी मिलेगा ऐसा प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक गांव में युवाओं की एक टीम बनाई जानी चाहिए जो पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाए, कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने खातेगांव विधानसभा के ग्राम खिवनिखुर्द में अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संभव मदद का आश्वासन दिया। श्री चौहान ने कहा कि सरकार संवेदनशीलता के साथ आपके साथ खड़ी है। सभी प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी। किसी को अपनी भूमि से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। विधायक एवं प्रशासन से जो सहायता मिली है उसके अलावा सांसद निधि से भी आवश्यक सहायता मुहैया कराई जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि गरीबों का हक उन्हें मिलना चाहिए। कही पर भी  नवीन कब्जा नहीं होने  देंगे, लेकिन पुराना कब्जा होगा उसे पर खेती करने का हक होगा। केन्द्रीय कृषि तथा किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री  शिवराज सिंह चौहान  आज विदिशा जिले के गंजबासौदा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

<u>अमित शाह सहकारिता</u>

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल गुजरात के आणंद में देश के पहले सहकारी विश्वविद्यालय त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। कार्यक्रम के दौरान श्री शाह ने कहा कि पिछले चार वर्षों में सहकारिता मंत्रालय ने 60 नए उपाय शुरू किए हैं। करोड़ों गरीब और ग्रामीण लोगों के जीवन में आशा का संचार करने के लिए सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई थी।

श्री शाह ने कहा कि सहकारिता आंदोलन से करीब 40 लाख कार्यकर्ता जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय सहकारी क्षेत्र में नीति निर्माण, डेटा विश्लेषण, सहकारी विकास रणनीति और अनुसंधान जैसे कार्य करेगा। साथ ही, यह विश्वविद्यालय न केवल सहकारी कर्मचारी तैयार करेगा बल्कि त्रिभुवन भाई जैसे समर्पित सहकारी नेता भी तैयार करेगा, जो सहकारी क्षेत्र का अध्ययन और नेतृत्व करेंगे।

## मोहर्रम

मुस्लिम धर्मावलंबी आज अकीदत के साथ मोहर्रम का त्यौहार मना रहे हैं। हजरत इमाम हुसैन समेत कर्बला के 72 शहीदों की याद में आज प्रदेश में जगह-जगह मातमी जुलूस निकले जाएंगे राजधानी भोपाल में करीब 550 ताजिए जुलूस की शक्ल में चलेंगे। इससे पहले कल भी कुछ जगह पर जुलूस निकाले गए। सवारी भी निकाली गईं। कल अजाखानों समेत कर्बला में मजलिसों का आयोजन हुआ। इंदौर में मोहर्रम पर शनिवार रात को सरकारी ताजिया निकला। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आज दोपहर को सरकारी ताजिया इमामबाड़ा से कर्बला मैदान तक जाएगा, जहां तीन दिन के मेले की शुरुआत होगी।

## बारिश

कटनी जिले में बीते दो दिनों से जारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई इलाकों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है बीती रात भी लगातार बारिश हुई जो अभी भी जारी है। जिला प्रशासन ने कई स्थान पर रेड अलर्ट जारी किया है। बेलकुंड, मोरी, हिरन और सुआ नदियों में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे कई इलाकों का संपर्क कट गया है। बेलकुंड नदी में उफान के चलते गर्राघाट पुल के ऊपर से पानी बहने लगा है, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को पुल पार न करने की सख्त चेतावनी दी है। मंडला जिले में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया था। पर शुक्रवार की तरह वर्षा नहीं हुई। राहत भरा दिन रहा। कल सुबह से वर्षा तो हुई,लेकिन इसे सामान्य वर्षा हुई। सुबह साढ़े 7 बजे से वर्षा प्रारंभ हुई जो करीब दो घंटे मध्यम व तेज हुई। इसके बाद दिन में रूक रूक कर वर्षा हुई है। शाम को मौसम खुला हुआ है। भारी वर्षा की चेतावनी से शिक्षण संस्थान में शनिवार को जिला प्रशासन के द्वारा अवकाश घोषित कर दिया गया था। पन्ना जिले मे पिछले

बारह घंटे से बारिश हो रही हे। जिससे नदी नाले एक बार फिर उफान पर आ गाये हे। केन, व्यारमा, पत्ने नदी खतरे के निसान के करीब पहुंच गयी हे।

समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस नर्मदापुरम में स्वैच्छिकता पर्व के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह पर्व जिला मुख्यालय और सभी ब्लॉकों पर जन-सहभागिता और सेवा भावना को समर्पित रहा।
- सिंगरौली में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने निगाही परियोजना स्थित डीएवी एक्सटेंशन बिल्डिंग का शुभारंभ किया। विद्यालय के इस भवन विस्तार से अब 680 और विद्यार्थियों को नामांकन का अवसर मिलेगा।
- रायसेन के ग्राम नकतरा में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में खरीफ फसल उत्पादन तकनीक को लेकर कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को खरीफ फसल को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।
- सत्र 2026-27 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित की जाएगी।
- खरगोन के तत्काल प्रसव केंद्र 25 जुलाई तक क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए हैं।
- मंडला जिले के बिछिया नगर परिषद में कल वार्ड 13 में उप चुनाव के लिए मतदान संपन्न कराया जायेगा। जिले के बिछिया नगर निकाय के वार्ड क्षेत्र में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।